The four single mutation, upon sequencing, were found to be Valine (V) to Alanine (A); Glycine (G) to Proline (P); Alanine (A) to Aspartic acid (D) and isoleucine (I) to leucine (L).

Which one of the following statements is correct?

1. b is due to V ⟶ A and c is due to G ⟶P
2. b is due to G ⟶ P and d is due to V ⟶A
3. d is due to I ⟶ L and a is due to A ⟶D
4. c is due to V ⟶ A and a is due to I ⟶ L

**74.** किसी वलित प्रोटीन के रीढ़ द्वितल कोण इससे ठीक-ठीक पाये जा सकते हैं:

1. विभिन्न pH तथा तापों पर उससे पायी गयी वृत्तीय द्विवर्णता वर्णमाला के विवलन द्वारा।
2. प्रोटीन के $D_2O$ के साथ उपचार पर ड्यूटीरियम के साथ विनिमय करते प्रोटीनों की संख्या के आकलन द्वारा।
3. प्रोटीन के रेशे बनाकर, रेशा विवर्तन चित्र के विश्लेषण द्वारा।
4. उच्च विभेदन पर X-विकिरण विवर्तन द्वारा प्रोटीन से पायी गयी स्फटिक संरचना के विश्लेषण द्वारा।

**74.** The exact backbone dihedral angles in a folded protein can be obtained by

1. deconvolution of its circular dichroism spectra obtained at different pH and temperature
2. estimating the number of protons that exchange with deuterium on treating the protein with $D_2O$
3. forming fibres of the protein and analyzing the fibre diffraction pattern
4. analysis of the crystal structure of the protein obtained by X-ray diffraction at high resolutions

**75.** पाईरूवेट किनेस (PK) के बारे में किये गये कथन निम्नवत हैं।

A. ATP है PK का एक अपरस्थलिक संदमक
B. फ्रक्टोज़ 1, 6 बाईफ़ास्फ़ेट PK का एक सक्रियक है।
C. ADP है PK का एक अपरस्थलिक संदमक
D. एलानीन है PK का एक अपरस्थलिक मॉडुलक

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा एक सही है?

1. A, B, C
2. A, B, D
3. B, C, D
4. मात्र A

**75.** The following are the statements about pyruvate kinase (PK).

A. ATP is an allosteric inhibitor of PK
B. Fructose 1, 6 biphosphate is an activator of PK
C. ADP is an allosteric inhibitor of PK
D. Alanine is an allosteric modulator of PK

Which of the above statement(s) are true?

1. A, B, C
2. A, B, D
3. B, C, D
4. only A

**76.** एक प्रायोगिक कक्षा चल रही थी जहां विद्यार्थी सक्रिय सूत्रकणिकाओं को उपयोग करके पात्रे ATP संश्लेषण को निरूपित कर रहे थे। कुछ विद्यार्थियों ने निम्न में से एक को अपने ट्यूब में मिलाया

A. डाईनाईट्रोफ़ीनॉल (DNP), एक अयुग्मक
B. माध्यम का मंद अम्लीकरण

C. ग्लूटिलफ़ेरोन, जो दोनों झिल्लियों को पारगम्य बनता है

D. इलिला, एक यौगिक जो बाह्य झिल्ली पारगम्य $H^+$ शामक है।

उपरोक्त में किसमें, ATP संश्लेषण संसूचित किया गया?

1. A
2. B
3. C
4. D

**76.** A practical class was going on where the students were demonstrating ATP synthesis *in vitro* using active mitochondria. Some students added one of the following to their tubes

A. Dinitrophenol (DNP), an uncoupler
B. Mild acidification of the medium
C. Glutilferone, that permeabilizes both the membranes
D. An outer membrane permeable $H^+$ quencher compound, Elila

In which one of the above, ATP synthesis will be detected?

1. A
2. B
3. C
4. D

**77.** किसी संवर्ध माध्यम के दो कॉर्बन स्रोत हैं, जिनमें से एक वरीय (ग्लूकोज़) तथा दूसरा अवरीय (लैक्टोज़) स्रोत हैं। इस माध्यम में संवर्धित *E. coli* के विकास वक्र की प्रकृति के विषय में निम्न में से कौन-सा एक सही है?

1. विकास वक्र वही होगा जैसे कि मात्र ग्लूकोज़ की उपस्थिति में विकसित।
2. विकास वक्र वही होगा जैसे कि मात्र लैक्टोज़ की उपस्थिति में विकसित।
3. दो चरघातांकी प्रावस्थाओं के बीच एक पश्चता प्रावस्था का प्रेक्षण होगा।
4. दो चरघातांकी प्रावस्थाओं के बीच दो पश्चता प्रावस्थाओं का प्रेक्षण होगा।

**77.** A culture medium contains two carbon sources, one is preferred carbon source (glucose) and the second is a non-preferred source (lactose).
Which one below is correct regarding the nature of growth curve of *E. coli* cultured in this medium?

1. Growth curve will be same as when grown in presence of only glucose.
2. Growth curve will be same as when grown in presence of only lactose.
3. A lag phase will be observed between the two exponential phases.
4. Two lag phases will be observed between the two exponential phases.

**78.** निम्न कथनों में से कौन-सा एक खुरदरा अंत:द्रव्यी जालिका के ऊपर अनुवादित प्रोटीनों पर सही तरह से लागू है?

1. कोशिकाद्रव्यी प्रोटीन जो हार्मोन प्रेरण की अनुक्रिया स्वरूप कोशिकाकेंद्रक पर लक्ष्यित होते हैं।
2. लयनकायों, प्रद्रव्य झिल्ली तथा बाह्य कोशिका पर लक्ष्यित प्रोटीन।
3. अंत:द्रव्यी जालिका अवकोशिका द्वारा कोशिकाकेंद्रक तक लक्ष्यित प्रोटीन, क्योंकि अवकाशिका कोशिकाकेंद्रक के अंतर झिल्ली अंतराल के सीधे संपर्क में है।
4. पेराक्सिज़ोमों पर लक्ष्यित सभी प्रोटीन।

**78.** Which one of the following statements correctly applies to proteins which are translated on the rough endoplasmic reticulum?

1. Cytoplasmic proteins which are targeted to the nucleus in response to hormone stimuli.
2. Proteins targeted to lysosomes, plasma membrane and cell exterior.
3. Proteins which are targeted to the nucleus through endoplasmic reticulum lumen as the lumen is in direct connection with the inter membrane space of the nucleus .
4. All proteins which get targeted to peroxisomes.

**79.** स्फिंगोवसा एवं कोलोस्टरॉल, दोनों में वसा बेड़ा प्रचुर हैं। बेड़ा संरचना में कोलेस्टारॉल एक प्रमुख भूमिका निभाता है क्योंकि ऐसे लगता है कि वसा बेड़ा उसकी अनुपस्थिति में नहीं बनते। वसा बेड़ा की संरचना हेतु कोलेस्टरॉल की अनिवार्यता के कारण के बारे में आपकी क्या राय है?


1. वसा द्विपरत में स्फिंगोवसा की गतिशीलता को कोलेस्टरॉल कम करता है।
2. कोलेस्टरॉल की उपस्थिति में स्फिंगोवसा के बृहत् शीर्ष समूह एक दूसरे को प्रतिकर्षित करते हैं।
3. झिल्ली में कोलेस्टरॉल वसीय अम्ल पृच्छों के साथ अन्योन्यक्रिया करता है।

4. स्फिंगोवसा के बृहत् शीर्ष समूहों के नीचे बनते रिक्त स्थानों को तलीय कोलेस्टरॉल अणु भरते हैं, ऐसी अभिधारणा है।

**79.** Lipid rafts are rich in both sphingolipids and cholesterol. Cholesterol plays a central role in raft formation since lipid rafts apparently do not form in its absence. Why do you think cholesterol is essential for the formation of lipid rafts?

1. Cholesterol decreases the mobility of sphingolipids in the lipid bilayer.
2. Large head groups of sphingolipids repel each other in presence of cholesterol.
3. Cholesterol interacts with fatty acid tails in the membrane.
4. The planar cholesterol molecules are postulated to fill the voids that form underneath the large head groups of the sphingolipids.


**80.** सूत्रकणिकाओं पर लक्ष्यित तीन प्रोटीनों के प्रांत संगठन निम्नवत है:




उपरोक्त चित्र में दर्शाये गये प्रांत संगठन के आधार पर, तथा यह मानकर कि बायीं बक्से का सूत्रकणिकीय शाटन संकेत है, सूत्रकणिका के अत्यंत प्रायिक उपखंड का पूर्वानुमान कीजिये जहां प्रोटीन पाया जायेगा।

1. A आधात्री में; B आंतरिक झिल्ली में; C अंतर-झिल्ली अंतराल में
2. A आंतरिक झिल्ली में; B अंतर-झिल्ली अंतराल में; C बाह्य झिल्ली में
3. A तथा B आधात्री में; C बाह्य झिल्ली में
4. A अधात्री में; B तथा C अंतर-झिल्ली अंतराल में

**80.** Following is the domain organization of three proteins that are targeted to the mitochondria.




Based on the domain organization in the above figure and assuming the left box to be having the mitochondrial sorting signal, predict the most likely sub-compartment of the mitochondria in which the protein will be found.

1. A in matrix; B in inner membrane; C in inter-membrane space
2. A in inner membrane; B in inter-membrane space; C in outer membrane
3. A and B are in matrix; C in outer membrane
4. A in matrix; B and C are in inter-membrane space

**81.** $^{14}N$ नाईट्रोजन या भारीतर समस्थानिक $^{15}N$ अंतर्विष्टित माध्यम में कोशिकाओं को विकसित करके आपने किसी जीवाणु के DNA को चिह्नित किया है। इससे अतिरिक्त आपने इन अवयवियों से शुद्ध DNA को अलग किया है तथा उसको CsCl घनत्व प्रवणता अपकेंद्रीकरण के अधीन, अपकेंद्रक ट्यूब के अलग स्थानों पर DNA के हल्के ($^{14}N$) तथा भारी ($^{15}N$) रूपों का पृथकन किया है। अगले प्रयोग में पहले $^{15}N$ अंतर्विष्टित माध्यम में जीवाणु विकसित किये गये ताकि कोशिकाओं से बनाये गये सभी DNA भारी रूप में हों। तद्पश्चात् इन कोशिकाओं को मात्र $^{14}N$ अंतर्विष्टित माध्यम में स्थानांतरण किया गया , तथा एक पीढ़ी तक कोशिकाओं को विभाजित होने दिया गया। DNAs अर्क निकाले गये तथा उपरोक्तानुसार CsCl प्रवणता में, अपकेंद्रित किये गये।$^{15}N$ तथा $^{14}N$ DNA बैंडों के बीच एवं उनसे समान दूरी पर एक संकर बैंड प्रेक्षित किया गया। उपरोक्त प्रेक्षण के आधार पर निम्न निष्कर्षों में से कौन-सा एक सही है?

1. DNA प्रतिकृतियन संरक्षी है।
2. DNA प्रतिकृतियन अर्ध-संरक्षी है।
3. DNA प्रतिकृतियन परिक्षेपी है।
4. बेल्ल वृत्त रीति के अनुसार प्रतिकृतियन

**81.** You have labelled DNA in a bacterium by growing cells in medium containing either $^{14}N$ nitrogen or the heavier isotope, $^{15}N$. Furthermore, you have isolated pure DNA from these organisms, and subjected it to CsCl density gradient centrifugation leading to their separation of light ($^{14}N$) and heavy ($^{15}N$) forms of DNA to different locations in the centrifuge tube. In the next experiment, bacteria were grown first in medium containing $^{15}N$, so that all the DNA made by cells will be in heavy form. Then these cells were transferred to medium containing only $^{14}N$ and allowed the cells to divide for one generation. DNAs were extracted and centrifuged as above in the CsCl gradient. A hybrid DNA band was observed at a position located between and equidistant from the $^{15}N$ and $^{14}N$ DNA bands. Based on the above observation, which one of the following conclusions is correct?

1. Replication of DNA is conservative
2. Replication of DNA is semi-conservative
3. Replication of DNA is dispersive
4. Replication by rolling circle mode

**82.** समसूत्रण भुगतती एक आबादी में कोशिकाओं की बारंबारिता (समसूत्रणी सूचकांक) कोशिका चक्र की अवधि को आकलित करने का एक सुविधाजनक उपाय है। वयस्क चुहिया के यकृत में समसूत्रणी सूचकांक को मापकर कोशिका चक्र के मापन हेतु, यकृत तिक्के बनाये जाते हैं तथा समसूत्रण भुगतती कोशिकाओं को आसानी से पहचानने के लिए अभिरंजित किये जाते हैं। यह प्रेक्षित किया गया कि 25,000 कोशिकाओं में से मात्र 3 समसूत्रण भुगत रही हैं। यह मानते हुये कि M प्रावस्था 30 मिनट तक टिकती है, वयस्क चुहिया के यकृत में कोशिका चक्र की सन्निकट अवधि का परिकलन कीजिये?

1. 76 घंटे
2. 50 घंटे
3. 42 घंटे
4. 21 घंटे

**82.** The frequency of cells in a population that are undergoing mitosis (the mitotic index) is a convenient way to estimate the length of the cell cycle. In order to measure the cell cycle in the liver of the adult mouse by measuring the mitotic index, liver slices are prepared and stained to easily identify cells undergoing mitosis. It was observed that only 3 out of 25,000 cells are found to be undergoing mitosis. Assuming that M phase lasts 30 minutes, calculate the approximate length of the cell cycle in the liver of an adult mouse?

1. 76 hours
2. 50 hours
3. 42 hours
4. 21 hours

**83.** यद्यपि कोशिका में डीऑक्सी राईबोन्यूक्लियोसाईड़ ट्रायफ़ास्फ़ेट (dNTPs) से 10-गुना अधिक सांद्रता में राईबोन्यूक्लियोसाईड़ ट्रायफ़ास्फ़ेट (rNTPs) उपस्थित हैं, तथापि वे DNA में इस गति से अंतर्विष्टित होते है जो dNTPs की तुलना में 1000-गुना से अधिक कम है। यह इस कारण है:

1. DNA पॉलिमरेज़ dNTPs तथा rNTPs के बीच विविक्तीकरण नहीं कर सकता। परंतु DNA शृंखला में rNTPs के समाविष्ट होते ही, 2′-OH समूह की उपस्थिति के कारण वे जल-अपघटित हो जाते हैं।
2. DNA पॉलिमरेज़ dNTPs तथा rNTPs के बीच विविक्तीकरण नहीं कर सकता। परंतु DNA शृंखला में rNTPs के समाविष्ट होते ही, DNA पॉलिमरेज़ की प्रूफ-वाचन गतिविधि द्वारा काट निकाले जाते हैं।
3. DNA पॉलिमरेज़ dNTPs तथा rNTPs के बीच क्षमतापूर्वक विविक्तीकरण करता है क्योंकि उसका न्यूक्लियोटाइड़ बंधन जेब, अंदर आते न्यूक्लियोटाइड़ पर एक 2′-OH को समायोजित नहीं कर सकता।
4. DNA पॉलिमरेज़ dNTPs तथा rNTPs के बीच विविक्तीकरण नहीं कर सकता। क्योंकि कोशिका में अनुलेखन गति प्रतिकृतियन गति से $10^6$ गुना तेज़ हैं, वह rNTPs के लिए RNA पॉलिमरेज़ के साथ स्पर्द्धा नहीं कर सकता।

**83.** Although ribonucleoside triphosphates (rNTPs) are present at approximately 10-fold higher concentration than deoxyribonucleoside triphosphates (dNTPs) in the cell, but they are incorporated into DNA at a rate that is more than 1000-fold lower than dNTPs. This is because

1. DNA polymerase cannot discriminate between dNTPs and rNTPs. But as soon as rNTPs are incorporated in the DNA chain, they are hydrolyzed due to the presence of 2′-OH group.
2. DNA polymerase cannot discriminate between dNTPs and rNTPs. But as soon

as rNTPs are incorporated in the DNA chain, they are excised by the proof reading activity of DNA polymerase.
3. DNA polymerase efficiently discriminates between rNTPs and dNTPs, because its nucleotide binding pocket cannot accommodate a 2′-OH on the incoming nucleotide.
4. DNA polymerase cannot discriminate between rNTPs and dNTPs. Since the rate of transcription in cell is $10^6$ times faster than replication, it cannot compete with RNA polymerase for rNTPs.

**84.** *E.coli* की कुयुग्मन क्षतिसुधार गतिविधि कुअंतर्विष्टित क्षार, जो DNA पॉलिमरेज़ की प्रूफ-वाचन गतिविधि द्वारा हटाये नहीं गये, की क्षतिसुधार करती है। तथापि, ऐसे करते समय, उसे यह निर्णय करना पड़ता है कि DNA का कौन-सा रज्जुक नवसंश्लेषित है तथा कौन-सा जनकीय है। निम्न मार्गों में से किस एक द्वारा कुयुक्गमन क्षतिसुधार तंत्र यह कर पाता है?
1. वह समीप के GATC अनुक्रम को पहचानता है।
2. वह समीप के किसी विलोमानुक्रम को पहचानता है।
3. वह किसी विशिष्ट पुनरावर्ती अनुक्रम को पहचानता है।
4. वह समीप के अर्ध मैथिलिकृत GATC अनुक्रम को पहचानता है।

**84.** The mismatch repair activity of *E.coli* repairs misincorporated bases which is not removed by the proofreading activity of DNA polymerase. However, while doing so, it has to decide which strand of the DNA is newly synthesized and which one is parental. Mismatch repair system does it by which one of the following ways?
1. It recognizes nearby GATC sequence.
2. It recognizes any nearby palindromic sequence.
3. It recognises a specific repetitive sequence.
4. It recognises the hemi-methylated GATC sequence nearby.

**85.** कोशिका में उत्पादित विभिन्न प्रकार के RNAs (स्तंभ A) तथा उनके प्रकार्य (स्तंभ B), निम्न सूची में अंकित है, लेकिन वही क्रम में नहीं

| स्तंभ A | स्तंभ B |
|---|---|
| A. Sn RNAs | (i) वरित mRNAs के अवकर्षण को मार्गदशित करके जीन अभिव्यक्ति को बंद करना। |
| B. si RNAs | (ii) वरित mRNAs के अनुवादन को रोककर जीन अभिव्यक्ति का नियंत्रण। |
| C. mi RNAs | (iii) पूर्व mRNA के समबंधन के साथ-साथ विभिन्न प्रक्रियाओं में प्रकार्य। |
| D. Sno RNAs | (iv) rRNAs के संसाधन तथा उनको रासायनिकत: परिवर्तित करने में उपयोगी। |

सही संयोजन को चुनें:-
1. A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)
2. A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)
3. A-(iv), B-(i), C-(ii), D-(iii)
4. A-(iii), B-(ii), C-(i), D-(iv)

**85.** Enlisted below are different types of RNAs produced in the cell (Column A) and their functions (Column B), but not in the same order.

| Column A | Column B |
|---|---|
| A. Sn RNAs | (i) turn off gene expression by directing degradation of selective mRNAs. |
| B. si RNAs | (ii) regulate gene expression by blocking translation of selective mRNAs. |
| C. mi RNAs | (iii) function in a variety of processes including splicing of pre-mRNA. |
| D. Sno RNAs | (iv) used to process and chemically modify rRNAs. |

Choose the correct combination
1. A-(iv), B-(ii), C-(i), D-(iii)
2. A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv)
3. A-(iv), B-(i), C-(ii), D-(iii)
4. A-(iii), B-(ii), C-(i), D-(iv)

**86.** प्राक्केंद्रकियों में प्रारंभक t-RNA को पहले मैथियोनाइन से आवेशित किया जाता है, तदनंतर एन्जाइम Met-tRNA ट्रांस्फ़ार्फमाइलेज़ द्वारा मैथियोनाइन के साथ एक फार्मिल समूह को जोड़ा जाता है। इस संदर्भ में कई कथन निम्न दिये गये हैं।

A. सभी प्राक्केंद्रकी प्रोटीनों के उनके एमिनों-सिरा अंत में फ़ार्मिल मैथियोनाइन होते हैं।
B. एमिनों सिरा मैथियोनाइन से फार्मिल समूह को डीफ़र्मिलेज़ हटाता है।
C. सभी प्राक्केंद्रकी प्रोटीनों में उनके एमिनो सिरा अंत में मैथियोनाइन होते हैं।
D. एमिनों सिरा मैथियोनाइन को अकसर एमिनोपैप्टिडेसस् हटाते हैं।
E. एमिनो सिरा फ़र्मिल मैथियोनाइन को एमिनोपैप्टिडेसस् हटाते हैं।

कौन-सा (से) कथन अत्यंत प्रायिकत: सही है/हैं ?

1. मात्र A
2. B तथा C
3. मात्र E
4. B तथा D

**86.** In prokaryotes, the initiatior t-RNA is first charged with a methionine, followed by the addition of a formyl group to the methionine by the enzyme Met-tRNA transformylase. Given below are several statements in this context.

A. All prokaryotic proteins have formyl methionine at their amino-terminal end.
B. Deformylase removes the formyl group from the amino terminal methionine.
C. All prokaryotic proteins have methionine at their amino terminal end.
D. Aminopeptidases often remove the amino terminal methionine.
E. Aminopeptidases remove amino terminal formyl methionine.

Which of the above statement(s) are most likely to be true?

1. A only
2. B and C
3. E only
4. B and D

**87.** एमिनो अम्ल 'X' के संश्लेषण में सम्मिलित एक परिकाल्पनिक प्रचालेक, 'X' की अल्प मात्रा की उपस्थिति में 'ON' (अनुलेखी) तथा 'X' की प्रचुर मात्रा की उपस्थिति में 'OFF'(अनुलेखी नहीं) रहता है। प्रतीक a, b तथा c (निम्न तालिका में) प्रतिनिधित्व करते हैं X के संश्लेषण के लिए एक रचनात्मक जीन (X-सिंथेज़), प्रचालक प्रांत तथा दमनकारी को कोडित करते जीन को, लेकिन आवश्यकत: उस क्रम में नहीं। निम्न आंकड़ों से, जहां मूर्धांक वन्य प्रकार अथवा त्रुटिपूर्ण जीनप्ररूप को निर्दिष्ट करते हैं, X-सिंथेज़, प्रचालक प्रांत तथा दमनकारी के लिए कौन-से जीन है इसकी पहचान करें।

| प्रभेद | जीनप्ररूप | X-सिंथेज़ गतिविधि इसकी उपस्थिति में | |
|---|---|---|---|
| | | 'X' की अल्प मात्रा | 'X' की प्रचुर मात्रा |
| 1. | $a^-b^+c^+$ | संसूचित | संसूचित |
| 2. | $a^+b^+c^-$ | संसूचित | संसूचित |
| 3. | $a^+b^-c^-$ | असंसूचित | असंसूचित |
| 4. | $a^+b^+c^+/$ $a^-b^-c^-$ | संसूचित | असंसूचित |
| 5. | $a^+b^+c^-/$ $a^-b^-c^+$ | संसूचित | असंसूचित |
| 6. | $a^-b^+c^+/$ $a^+b^-c^-$ | संसूचित | संसूचित |

'X' – सिंथेज़, प्रचालक प्रांत एवं दमनकारी के जीन क्रमश: हैं:

1. a, b, c
2. c, a, b
3. b, c, a
4. b, a, c

**87.** A hypothetical operon involved in the synthesis of an amino acid 'X' is 'ON' (transcribing) in the presence of low levels of 'X' and 'OFF' (not transcribing) in presence of high level of 'X'. The symbols a, b and c (in the table below) represents a structural gene for the synthesis of X (X-synthase), the operator region and gene encoding the repressor– but not necessarily in that order. From the following data, in which superscripts denote wild type or defective genotype, identify which are the genes for X-synthase, operator region and the repressor.

| Strain | Genotype | X-synthase activity in the presence of | |
|---|---|---|---|
| | | Low level of 'X' | High level of 'X' |
| 1. | $a^-b^+c^+$ | Detected | Detected |
| 2. | $a^+b^+c^-$ | Detected | Detected |
| 3. | $a^+b^-c^-$ | Not detected | Not detected |
| 4. | $a^+b^+c^+/$ $a^-b^-c^-$ | Detected | Not detected |
| 5. | $a^+b^+c^-/$ $a^-b^-c^+$ | Detected | Not detected |
| 6. | $a^-b^+c^+/$ $a^+b^-c^-$ | Detected | Detected |

The respective genes for 'X' – synthase, the operator region and repressor are

1. a, b, c
2. c, a, b
3. b, c, a
4. b, a, c

**88.** किसी प्रोटीन के चार समान अंतराल वाले ट्राईप्सिन-संवेदनशील स्थल हैं, जो ट्राईप्सिन के साथ जीर्णन पर पैप्टाइड़ टुकड़ों $A_1$, $A_2$, $A_3$, $A_4$ तथा $A_5$ में परिणमित होते हैं। पैप्टाइड़ $A_2$ तथा $A_5$ क्रमश: N-सिरा तथा C-सिरा टुकड़ों के प्रतिनिधित्व करते हैं। अब आपको कहा जाता है कि इस प्रोटीन का संश्लेषण करें। समय t = 0 पर आपने सभी 20 एमिनो-अम्लों, जो $^{14}C$ से चिह्नित हैं, को मिलाया तथा संश्लेषण प्रारंभ किया। समय t = 4 पर पूर्ण दीर्घतावाले प्रोटीन का संश्लेषण हुआ। यदि आप समय t = 1 पर संश्लेषण को रोक देते, तथा प्रोटीन को ट्राईप्सिन के साथ जीर्णन करते, किस पैप्टाइड़ में उच्चतम $^{14}C$ चिह्न, अन्यों की तुलना में होगा?

1. $A_3$
2. $A_1$
3. $A_4$
4. $A_2$

**88.** A protein has 4 equally spaced trypsin sensitive sites which results in peptide fragments $A_1$, $A_2$, $A_3$, $A_4$ and $A_5$ upon digestion with trypsin. The peptides $A_2$ and $A_5$ represents N-terminal and C-terminal fragments respectively. Now you are asked to synthesise this protein. At time t = 0 you added all the 20 amino acids labelled with $^{14}C$ and initiated the synthesis. At time t = 4, full length protein is synthesized. If you stop the synthesis of the protein in time t = 1 and digest the protein with trypsin, which peptide will have maximum $^{14}C$ label than others?

1. $A_3$
2. $A_1$
3. $A_4$
4. $A_2$

**89.** केंद्रक ग्राही अधिकुटुंब के बारे में किये गये निम्न कथनों में से कौन-सा एक सही **नहीं** है?

1. ग्राही हमेशा कोशिकाविलेयी होते हैं, जहां वे ताप-प्रघात प्रोटीनों के साथ संयुक्त रहते हैं तथा N-सिरा प्रांत में विचर संलग्नी-आबंधन प्रांत रखते हैं।
2. ग्राही $C_4$ यशदांगुल मूलभाव का संलक्षणी पुनरावृत्त रखते हैं।
3. ग्राही या तो समद्वितयी अथवा विषमद्वितयी होते हैं, तथा उनके हार्मोन संलग्नी की अनुपस्थिति में, विषम द्वितीय ग्राही अनुलेखन का दमन करते हैं, जब वे अपने अनुक्रिया अवयव से बंधित हैं।
4. ग्राहियों का विचर दीर्घता का एक अद्वितीय N-सिरा प्रांत है तथा उसमें DNA- तथा संलग्नी-आबंधी प्रांतों के बीच एक केंद्रकीय स्थानीकरण अंतर्विष्ट हो सकता है।

**89.** Which one of the following statements about the nuclear receptor superfamily is **NOT** true?

1. The receptors are always cytosolic, where they remain associated with heat-shock proteins and have variable ligand binding domains in the N-terminal region.
2. The receptors have characteristic repeat of the $C_4$ zinc-finger motif
3. The receptors are either homodimeric or heterodimeric, and in the absence of their hormone ligand, the heterodimeric receptors repress transcription, when bound to their response elements.
4. The receptors have a unique N-terminal region of variable length and may contain a nuclear localization signal between the DNA- and ligand-binding domains.

**90.** ऊतकों को सामर्थ्य प्रदान करने में कोशिकाओं के बीच भौतिक संलग्नता अत्यंत महत्वपूर्ण है। कशेरूकी उपकलायी ऊतकों में विभिन्न भौतिक कोशिका संधियों को अपने प्राथमिक प्रकार्यों के अनुसार वर्गीकृत किया जाता है। निम्न तालिका में स्तंभ A में किसी विशिष्ट संधि का प्रमुख प्रकार्य तथा स्तंभ B में कोशिका संधियां प्रस्तुत किये गये हैं।

| | स्तंभ **A** | | स्तंभ **B** |
|---|---|---|---|
| A. | उपकलायी कोशिकाओं के बीच के अंतराल को बंद करता है | (i) | डेस्मोसोम्स् |
| B. | किसी कोशिका के ऐक्टिन तंतु पूल को अगली कोशिका के ऐक्टिन तंतु पूल से जोड़ता है | (ii) | हैमिडेस्मोसोम्स् |
| C. | किसी कोशिका की मध्यवर्ती तंतुओं को अगली कोशिका की मध्यवर्ती तंतुओं से जोड़ता है | (iii) | कड़ी संधि |

| D. | किसी कोशिका की मध्यवर्ती तंतुओं को बाह्यकोशिकायी आधात्री से स्थिर करता है | (iv) | एड़हेरनस् संधि |
|---|---|---|---|

सही संयोजन को चुनें।
1. A – (i), B – (ii), C – (iii), D – (iv)
2. A – (ii), B – (iii), C – (iv), D – (i)
3. A – (iii), B – (iv), C – (i), D – (ii)
4. A – (iv), B – (i), C – (ii), D – (iii)

**90.** Physical attachment between cells is very important in imparting strength in tissues. Various physical cell junctions in vertebrate epithelial tissues are classified according to their primary functions. Enlisted below in column A is the major function of a particular junction and column B enlists cell junctions, but not in the same order.

| | Column A | | Column B |
|---|---|---|---|
| A. | Seals gap between epithelial cells | (i) | Desmosomes |
| B. | Connects actin filament bundle in one cell with that in the next cell | (ii) | Hemidesmosomes |
| C. | Connects intermediate filaments in one cell to those in the next cell | (iii) | Tight junction |
| D. | Anchors intermediate filaments in a cell to extracellular matrix | (iv) | Adherens junction |

Choose the correct combination.
1. A – (i), B – (ii), C – (iii), D – (iv)
2. A – (ii), B – (iii), C – (iv), D – (i)
3. A – (iii), B – (iv), C – (i), D – (ii)
4. A – (iv), B – (i), C – (ii), D – (iii)

**91.** G-प्रोटीन युगलित ग्राहियों (GPCR) के तीन प्रोटीन उप-इकाइयां हैं: α, β तथा γ. अनुद्दीपित अवस्था में α उपइकाई GDP आबंधित है तथा GPCR निष्क्रिय है। जब GPCR का सक्रियण होता है, वह गुआनिन न्यक्लियोटाईड विनिमय कारक (GEF) की तरह काम करता है, तथा α-उपइकाई को अपने आबंधित GDP को मुक्त करने प्रेरित करता है, जिससे उसकी जगह GTP आंबधित होने देता है। GDP/GTP सांद्रताओं के नियंत्रण द्वारा G- प्रोटीन गतिविधि को नियंत्रित करने के लिए α- उपइकाई इस प्रकार काम करता है:
1. GTP एस
2. GDP किनेस
3. cGMP-विशिष्ट फ़ास्फ़ोडाइएस्टरेज़
4. cAMP- विशिष्ट फ़ास्फ़ोडाइएस्टरेज़

**91.** G-protein coupled receptors (GPCR) consist of three protein subunits α, β and γ. In unstimulated state, α subunit is GDP bound and GPCR is inactive. When GPCR gets activated, it acts like guanine nucleotide exchange (GEF) factor and induces α-subunit to release its bound GDP allowing GTP to bind in its place. In order to regulate G-protein activity by regulating GDP/GTP concentration, α subunit acts as
1. GTPase
2. GDP kinase
3. cGMP-specific phosphodiesterase
4. cAMP-specific phosphodiesterase




**92.** अर्बुद निरोधक प्रोटीन p53 की कोशिका मात्रा यूबिक्विटिन लिगेस प्रोटीन Mdm2 द्वारा कायम रखा जाता है। यह पाया गया कि Mdm2 की अति अभिव्यक्ति एक स्वस्थ कोशिका को कैंसर कोशिकाओं में बदल देता है, p53 की अस्थायीकरण द्वारा। एक और प्रोटीन $p19^{ARF}$ Mdm2 की गतिविधि को संदमित करता है तथा p53 को स्थायी करता है। $p19^{ARF}$ के प्रकार्य के नष्ट होने से भी स्वस्थ कोशिकायें कैंसर कोशिकाओं में परिवर्तित होती हैं। उपरोक्त सूचना के आधार पर निम्न कथनों में से कौन-सा एक कथन सही है?
1. *MDM2* तथा $p19^{ARF}$, दोनों अर्बुदजीन है।
2. *MDM2* तथा $p19^{ARF}$, दोनों अर्बुद निरोधक जीन है।
3. *MDM2* एक अर्बुदजीन है परंतु $p19^{ARF}$ एक अर्बुद निरोधक जीन है।
4. $p19^{ARF}$ एक अर्बुदजीन है परंतु *MDM2* एक अर्बुद निरोधक जीन है।

**92.** Cellular level of tumour suppressor protein p53 is maintained by the ubiquitin ligase protein, Mdm2. Over expression of Mdm2 was found to convert a normal cell into cancer

cells by destabilizing p53. Another protein $p19^{ARF}$ inhibits the activity of Mdm2 thus stabilizing p53. Loss of $p19^{ARF}$ function also converts normal cells into cancer cells. Based on the above information, which one of the following statements is correct?

1. Both *MDM*2 and $p19^{ARF}$ are oncogenes.
2. Both *MDM*2 and $p19^{ARF}$are tumour suppressor genes.
3. *MDM*2 is an oncogene but $p19^{ARF}$ is a tumor suppressor gene.
4. $p19^{ARF}$ is an oncogene but *MDM*2 is a tumor suppressor gene.




**93.** हैपटाइटिस C विषाणु के खिलाफ जनित कोशिकाई प्रतिरक्षा अनुक्रिया तथा समय के बीच का संबंध, संक्रमण के परिणाम का क्रांतिक निर्धारक है। स्तंभ I में कोशिकाई प्रतिरक्षा अनुक्रिया के प्रतिनिधि वक्र एवं संक्रमण के विभिन्न परिणाम स्तंभ II निम्नवत हैं।

| स्तंभ **I** | स्तंभ **II** |
|---|---|
|   | (i) Acute |
|   | (ii) Resolution |
|   | (iii) Chronic |

श्रेष्ठतम संभव संयोजन को चुने:

1. A – (ii), B – (iii), C – (i)
2. A – (i), B – (iii), C – (ii)
3. A – (iii), B – (ii), C – (i)
4. A – (i), B – (ii), C – (iii)

**93.** The relation between cellular immune response generated against hepatitis C virus is the critical determinant of the outcome of infection. Given below are the representative figures of cellular immune response in column I and various outcome of infection in column II.

| **Column I** | **Column II** |
|---|---|
|   | (i) Acute |
|   | (ii) Resolution |
|   | (iii) Chronic |

Choose the best possible combination

1. A – (ii), B – (iii), C – (i)
2. A – (i), B – (iii), C – (ii)
3. A – (iii), B – (ii), C – (i)
4. A – (i), B – (ii), C – (iii)

**94.** शरीर द्रव तथा शरीर स्रावों में पाये जाने वाली प्रतिरक्षियों के विभिन्न उपवर्ग होते हैं। इन उपवर्गों पर बहुत विभिन्न प्रकार्य आरोपित हैं। स्तंभ I में विभिन्न उपवर्गों के प्रमुख प्रकार्य तथा स्तंभ II में उपवर्गों के नाम निम्न तालिका में प्रस्तुत हैं:

| स्तंभ I | | स्तंभ II | |
|---|---|---|---|
| A | $F_c$ द्वारा महाभक्षकाणुओं से बांधते हैं | (i) | IgA |
| B | मास्ट कोशिकाओं तथा क्षारकरागियों से बांधते हैं | (ii) | IgD |
| C | प्रथम B कोशिका ग्राही | (iii) | IgE |
| D | प्रतिजन बंधन के अलावा कोई ज्ञात प्रमुख विशिष्ट प्रकार्य नहीं है | (iv) | IgG |
| E | श्लेष्मल झिल्ली का रक्षक | (v) | IgM |

सही संयोजन को चुनें:

1. A – (i), B – (ii), C – (iii), D – (iv), E– (v)
2. A – (ii), B – (iii), C – (iv), D – (v), E– (i)
3. A – (iii), B – (iv), C – (v), D – (i), E– (ii)
4. A – (iv), B – (iii), C – (v), D – (ii), E– (i)

**94.** There are various subclasses of antibodies found in body fluids and body secretions. Many different functions may be attributed to these subclasses. Given below in column I is major functions of different subclasses and column II consists of the name of the subclass.

| Column I | | Column II | |
|---|---|---|---|
| A | Binds to macrophages by $F_c$ | (i) | IgA |
| B | Binds to mast cells and basophils | (ii) | IgD |
| C | First B cell receptor | (iii) | IgE |
| D | No major specific function known other than antigen binding | (iv) | IgG |
| E | Protector of mucous membrane | (v) | IgM |

Select the correct combination:
1. A – (i), B – (ii), C – (iii), D – (iv), E– (v)
2. A – (ii), B – (iii), C – (iv), D – (v), E– (i)
3. A – (iii), B – (iv), C – (v), D – (i), E– (ii)
4. A – (iv), B – (iii), C – (v), D – (ii), E– (i)

**95.** विकास के दौरान प्रेरित अन्योन्यक्रिया के दो प्रमुख प्रकार हैं अनुदेशीय एवं अनुज्ञापक अन्योन्यक्रियायें। कोशिका वंशो तथा कार्ड रूधिर मूल कोशिकाओं के कुछ गुणों की तुलना निम्नवत है। कोशिका वंश जो द्रवी नाईट्रोजन में जमा हैं, प्रयोगों के लिए पुन:प्राप्त किये जा सकते हैं, जहां वे अपने मूल गुणों के अनुसार व्यवहार करते हैं। कार्ड रूधिर भी द्रवी नाईट्रोजन से पुन:प्राप्त किया जा सकता है, मूल कोशिकाओं को प्राप्त करने के लिए। कोशिका वंश से असदृश, मूल कोशिकाओं को वांछित वंशक्रमों में विभेदन भुगतने, जो अपने मूल वंशक्रम से अति भिन्न हैं, अतिरिक्ततः प्रेरित किया जा सकता है। कोशिका वंश तथा मूल कोशिकाओं का व्यवहार किस अन्योन्यक्रिया से सदृश है?

1. कोशिका वंश एवं मूल कोशिकायें, दोनों अनुदेशीय अन्योन्यक्रिया दर्शाती हैं।
2. कोशिका वंश अनुदेशीय अन्योन्यक्रिया दर्शाते हैं जबकि मूल कोशिकायें अनुज्ञापन अन्योन्यक्रिया दर्शाती हैं।
3. कोशिका वंश अनुज्ञापन अन्योन्यक्रिया दर्शाते हैं, जबकि मूल कोशिकाएं अनुदेशीय अन्योन्यक्रिया दर्शाती हैं।
4. दोनों प्रकार की कोशिकायें अनुज्ञापक अन्योन्क्रिया दर्शाती हैं।

**95.** Instructive and permissive interactions are two major modes of inductive interaction during development. The following compares some properties of cell lines and cord blood stem cells. Cell lines, which are stored in liquid nitrogen, can be retrieved for experiments, where they behave as per their original self. Cord blood can also be retrieved from liquid nitrogen for procuring stem cells. Unlike cell lines, the stem cells can be additionally induced to undergo differentiation into desired lineages, which are very different from their original self. The behaviour of cell lines and stem cells is analogous to which of the interactions?
1. Both cell lines and stem cells show instructive interaction
2. Cell lines show instructive interaction whereas stem cells show permissive interaction
3. Cell lines show permissive interaction whereas stem cells show instructive interaction
4. Both types of cells show permissive instruction

**96.** आकारजन प्रवणताओं तथा कोशिका विशिष्टीकरण के बारे में किये गये कुछ कथन निम्नवत हैं।

A. आकारजन हमेशा अनुलेखन कारक होते हैं।

B. आकारजन पैराक्राईन कारक हो सकते हैं जो कोशिकाओं के एक समूह में उत्पादित होते हैं तथा कोशकाओं की एक दूसरी आबादी तक यात्रा करते हैं।

C. आकारजन की सांद्रता जब एक देहली से नीचे गिरती है, कोशिकाओं का विभाजन रूक जाता है तथा किसी दूसरे भाग्य तक निर्धारित नहीं होते।

D. आकारजन प्रवणतायें प्रतिबंधित विशिष्टीकरण में सम्मिलित हैं।

उपरोक्त कथनों का कौन-सा संयोजन सही है?

1. A तथा B
2. B तथा D
3. C तथा D
4. A तथा C

**96.** Following are certain statements regarding morphogen gradients and cell specification.

A. Morphogens are always transcription factors
B. Morphogens can be paracrine factors that are produced in one group of cells and travel to another population of cells
C. When the concentration of a morphogen drops below a certain threshold, cells stop differentiating and never get determined to another fate
D. Morphogen gradients are involved in conditional specification

Which combination of the above statements is true?

1. A and B
2. B and D
3. C and D
4. A and C

**97.** समुद्री अर्चिन का सफल निषेचन अंडों तथा शुक्राणुओं के प्रोटीन तथा ग्राहियों के बीच विशिष्ट अन्योन्यक्रिया की मांग करता है। इस संदर्भ में, निम्न संयोजनों में कौन-सा सही है?

1. अग्रपिंडकों में बाइंडिन तथा अंडा पतिकी झिल्ली पर बाइंडिन ग्राहियां
2. अंडा झिल्ली में बाइंडिन तथा अग्रपिंडकों में बाइ्डिन ग्राहियां
3. अंडा जेली पर रिसैक्ट तथा शुक्राणु झिल्ली पर बाइंडिन
4. अंडा झिल्ली पर प्रोटियेज़ोम्स् तथा शुक्राणु झिल्ली पर संकुल शक्कर

**97.** Successful fertilization in sea urchin demands specific interaction between proteins and receptors of sperms and eggs. In view of the above, which one of the following combinations is correct?

1. Bindin in acrosomes and bindin receptors on egg vitelline membrane
2. Bindin in egg membrane and bindin receptors in acrosomes
3. Resact on egg jelly and bindin on sperm membrane
4. Proteasomes on egg membranes and complex sugars on sperm membranes

**98.** निम्न कथन एरॉबिडोप्सिस भ्रूणजनन की पाँच सुप्रसिद्ध अवस्थाओं के संबंध में किये गये हैं:

A. अगुणित अंडा तथा शुक्राणु का संलयन गोलाकार अवस्था में घटित होती है।
B. भावी प्ररोह अग्रक की दोनों तरफ दो क्षेत्रों में तेज़ कोशिका विभाजन, हृदय अवस्था बनता है।
C. पूरे भ्रूण अक्ष पर कोशिका दीर्घीकरण तथा अतिरिक्त विकास, टार्पिडो अवस्था में परिणमित होता है।
D. भ्रूण जल खोता है तथा युग्मज अवस्था पर उपापचयित: निष्क्रिय हो जाता है।

उपरोक्त कथनों का कौन-सा संयोजन सही है?

1. A तथा B
2. B तथा C
3. C तथा D
4. D तथा A

**98.** Following statements are made in relation to the five widely recognized stages of *Arabidopsis* embryogenesis:

A. The fusion of haploid egg and sperm takes place in Globular stage
B. Rapid cell division in two regions on either side of the future shoot apex forms Heart stage
C. The cell elongation throughout the embryo axis and further development result in Torpedo stage
D. The embryo loses water and becomes metabolically inactive in the Zygotic stage

Which combination of the above statements is correct?

1. A and B
2. B and C
3. C and D
4. D and A

**99.** ड्रोसोफ़िला के प्रत्येक खंड में अग्र तथा पश्च कक्षाओं का विकास एवं रख-रखाव के बारे में किये गये कथन निम्नवत हैं :

A. 'विंगलेस्' तथा 'ऐनग्रेईल्ड' की अभिव्यक्ति जोड़ी नियम जीन द्वारा सक्रियित होती हैं।
B. 'विंगलेस्' तथा 'ऐनग्रेईल्ड' की सतत अभिव्यक्ति 'ऐनग्रेईल्ड' तथा 'विंगलेस' प्रोटीनों को अभिव्यक्त करने वाली कोशिकाओं के बीच की अन्योन्यक्रिया द्वारा जारी रखी जाती है।
C. 'विंगलेस' अभिव्यक्त कोशिकाओं में 'हेड्ज्हॉग' अभिव्यक्त होता है तथा अल्प परिसर प्रवणता बनता है।
D. 'हेड्ज्हॉग' एक अनुलेखन कारक है।

E. 'ऐनग्रेईल्ड' एक स्रावक कारक है तथा 'विंगलेस' अभिव्यक्त कोशिकाओं के पैबंदित ग्राहियों से जोड़ता है।

उपरोक्त कथनों के निम्न संयोजनों में से कौन-सा सही है?

1. C तथा E
2. C, D तथा E
3. D तथा E
4. A तथा B

**99.** The following are statements regarding the development and maintenance of anterior and posterior compartments in each segment of *Drosophila*:

A. Expression of *wingless* and *engrailed* is activated by pair-rule genes
B. Continued expression of *wingless* and *engrailed* is maintained by interaction between the cells expressing Engrailed and Wingless proteins
C. Hedgehog is expressed in wingless expressing cells and forms short range gradient
D. Hedgehog is a transcription factor
E. Engrailed is a secretory factor and binds with the patched receptor of the wingless expressing cells

Which one of the following combinations of above statements is correct?

1. C and E
2. C, D and E
3. D and E
4. A and B

**100.** *C. elegans* में भग की संरचना में एक स्थिरक कोशिका एवं कुछ अध:त्वचीय कोशिकायें भाग लेती हैं। भग संरचना में इन कोशिकाओं की भूमिका को समझने के लिए किये गये प्रयोग एवं पाये गये परिणाम निम्नवत हैं:

- यदि स्थिरक कोशिका को एक लेसर बीम द्वारा मार दिया जाता है, भग संरचना में अध:त्वचीय कोशिकायें भाग नहीं लेतीं तथा भग का विकास नहीं होता।
- यदि स्थिरक कोशिका के समीप स्थित छ: अध:त्वचयी कोशिकाओं (जो भग पूर्वगामी कोशिकायें कहलाती हैं) को मार दिया जाता है, तो कोई भग विकसित नहीं होता।
- यदि तीन मध्यी भग पूर्वगामी मारे जाते हैं, तीन बाह्य कोशिकायें, जो साधरणत: अध:त्वचा बनाती हैं, भग कोशिकाओं के भाग्य को, उनकी जगह, लेती हैं।

भग संरचना के बारे में कुछ कथन निम्नवत हैं:

A. स्थिरक कोशिका प्रेरक का काम करती है।
B. भग संरचना की संभाव्यता रखनेवाली छ: अध:त्वचयी कोशिकायें, एक समानता समूह बनाती हैं।
C. छ: में से तीन अध:त्वयची कोशिकायें भग संरचना में भाग लेती हैं।
D. मध्य कोशिका 1° कोशिका के रूप में प्रकार्य करती है, तथा दोनों तरफ दो कोशिकायें 2° कोशिकाओं की तरह कार्य करती हैं।
E. 1° कोशिका एक अल्प परिसर जक्स्टाक्राईन संकेत स्रावित करती है।

उपरोक्त प्रायोगिक परिणामों से उपरोक्त कथनों के कौन-से संयोजन पाये गये हैं ?

1. A, B तथा C
2. A, B तथा D
3. D तथा E
4. B, D तथा E

**100.** In *C. elegans*, an anchor cell and a few hypodermal cells take part in the formation of vulva. The experiments performed to understand the role of these cells in vulva formation and the results obtained are as follows:

- If the anchor cell is killed by laser beam, hypodermal cells do not participate in vulva formation and no vulva develops.
- If six hypodermal cells closely located with anchor cell (called vulval procursor cells) are killed, no vulva develops.
- If the three central vulval precursors are destroyed, the three outer cells, which normally form hypodermis, take the fate of vulval cells instead.

Following are certain statements regarding vulva formation:

A. Anchor cell acts as an inducer
B. Six hypodermal cells with the potentiality to form vulva, form an equivalence group
C. Three, out of six, hypodermal cells participate in vulva formation
D. The central cell functions as the 1° cell and the two cells on both side act as the 2° cells
E. The 1° cell secretes a short range juxtacrine signal

Which combinations of the above statements have been derived from the above experimental results?

1. A, B and C
2. A, B and D
3. D and E
4. B, D and E

**101.** पादपों में द्वितीयक उपापचयजों के टर्पीन वर्ग के बारे में कुछ कथन निम्नवत: हैं:

A. आईसोपेंटेनिल डाईफ़ास्फेट तथा उसकी समावयवी बृहत्तर टर्पीन रचना हेतु जुड़ते हैं।

B. डाईटर्पीन 20 कॉर्बन यौगिक है।

C. सभी टर्पीन 4-कॉर्बन अवयवों के संयोजन से पाये जाते हैं।

D. पाईरोथ्राईड्स् मानोटर्पीन ऐस्टर होते हैं।

उपरोक्त कथनों के निम्न संयोजनों में से कौन-सा एक सही है?

1. A, B तथा C
2. A, B तथा D
3. B, C तथा D
4. A, C तथा D

**101.** Following are certain statements regarding terpene class of secondary metabolites in plants:

A. Isopentenyl diphosphate and its isomer combine to form larger terpenes.
B. Diterpenes are 20 carbon compounds.
C. All terpenes are derived from the union of 4-carbon elements.
D. Pyrethroids are monoterpene esters.

Which one of the following combination of above statements is correct?

1. A, B and C
2. A, B and D
3. B, C and D
4. A, C and D

**102.** ग्रंथिकन जीन (नाड़), आम नाड़ जीन या पोषी-विशिष्ट नाड़ जीन में वर्गीकृत हैं। इस वर्गीकरण पर किये गये कुछ कथन निम्नवत हैं:

A. नाड़ *A* एक आम नाड़ जीन है तथा नाड़ *C* एक पोषी विशिष्ट जीन है।

B. नाड़*B* एक आम नाड़ जीन है तथा नाड़*P* एक पोषी विशिष्ट जीन है।

C. नाड़*Q* एक आम नाड़ जीन है तथा नाड़*A* एक पोषी विशिष्ट जीन है।

D. नाड़*H* एक आम नाड़ जीन है तथा नाड़*Q* एक पोषी विशिष्ट जीन है।

उपरोक्त कथनों से सही उत्तर चुनें:

1. A तथा B
2. C तथा D
3. मात्र A
4. मात्र B

**102.** The nodulation (*nod*) genes are classified as common *nod* genes or host specific *nod* genes. Some statements related to such classification are given below:

A. *nodA* is a common *nod* gene and *nodC* is a host specific gene.
B. *nodB* is a common *nod* gene and *nodP* is a host specific gene.
C. *nodQ* is a common *nod* gene and *nodA* is a host specific gene.
D. *nodH* is a common *nod* gene and *nodQ* is a host specific gene.

Choose the correct answer from the above statements:

1. A and B
2. C and D
3. A only
4. B only

**103.** उच्चकोटि पादपों में $CO_2$ स्वांगीकरण के बारे में किये गये कुछ कथन निम्नवत हैं:

A. एल्डोलेज़ एन्जाईम् की कार्रवाई कैल्विनबैन्सन् चक्र के दौरान फ़्रक्टोज़ 1,6-बाईफ़ास्फ़ेट उत्पादित करता है।

B. $C_2$ ऑक्सीकरणीय प्रकाशसंश्लेषी कॉर्बन चक्र के दौरान सूत्रकणिकाओं में ग्लाईसीन का सेरीन में परिवर्तन घटित होता है।

C. $C_4$ कॉर्बन चक्र के दौरान, 4-कार्बन अम्ल से NAD-मैलिक एन्जाईम् $CO_2$ मुक्त करता है, मैलेट एक 3-कॉर्बन अम्ल, पॉईरूवेट देता है।

D. क्रस्यूलेसी अम्ल उपापचय (CAM) के दौरान मैलिक अम्ल सूत्रकणिकाओं में रात में संग्रहित होता है, तथा दिन में साईटोसॉल तक पुन:मुक्त होता है।

उपरोक्त कथनों के निम्न संयोजनों में से कौन-सा एक सही है?

1. A, B तथा C
2. A, C तथा D
3. B, C तथा D
4. A, B तथा D

**103.** Following are certain statements regarding $CO_2$ assimilation in higher plants:

A. The action of aldolase enzyme during Calvin-Benson cycle produces fructose 1,6-bisphosphate.
B. The conversion of glycine to serine takes place in mitochondria during $C_2$ oxidative photosynthetic carbon cycle.
C. During $C_4$ carbon cycle, NAD-malic enzyme releases the $CO_2$ from the 4-carbon acid, malate yielding a 3-carbon acid, pyruvate.
D. Malic acid during crassulacean acid metabolism (CAM) is stored in mitochondria during dark and released back to cytosol during day.

Which one of the following combinations of above statements is correct?

1. A, B and C 2. A, C and D
3. B, C and D 4. A, B and D

**104.** पादपों में जलाभाव तथा शीत एवं लवण प्रतिरोध को योगदान देने में एब्सिसिक अम्ल (ABA) की भूमिका से संबंधित कई कारक, निम्नवत हैं:

A. अनुलेखन कारक DREB1 तथा DREB2, ABA-अनुक्रियायी जीनों के उन्नायक के समप्रभावी अवयवों से ABA-निर्भर रीति से बांधते हैं।
B. *LEA* तथा *RD29* जैसे कई जीनों को ABA प्रेरित करता है।
C. ABA-अनुक्रियायी जीन उन्नायक में छः न्यूक्लियोटाईड ABRE अवयव अंतर्विष्ट हैं।
D. ABA-अनुक्रियायी जीनों में नौ-न्यूक्लियोटाईड़ निर्जलीकरण-अनुक्रियायी अवयव (DRE) उपस्थित हैं।

उपरोक्त कथनों के निम्न संयोजनों में से कौन-सा एक ABA के संदर्भ में सही है?

1. A, B तथा C 2. A, C तथा D
3. B, C, तथा D 4. मात्र A

**104.** Many factors related to the role of abscisic acid (ABA) in contributing to drought, cold and salt resistance in plants are listed below:

A. The transcription factors DREB1 and DREB2 bind to the *cis*-acting elements of the promoter of ABA-responsive genes in an ABA-dependent manner.
B. ABA induces many genes such as *LEA* and *RD29.*
C. ABA-responsive genes contain six-nucleotide ABRE elements in the promoter.
D. Nine-nucleotide dehydration-responsive elements (DRE) are present in ABA-responsive genes.

Which one of the following combinations of the above statements is correct with respect to ABA?

1. A, B and C 2. A, C and D
3. B, C, and D 4. A only

**105.** गिब्बैरिल्लिक अम्ल (GA) की अनुक्रिया में पादप ऊँचाई को नियंत्रित करने वाले कई कारकों के उदाहरण निम्नवत हैं:

A. DELLA क्षेत्र-अंतर्विष्टित GRAS प्रोटीन के उन्नायक के साथ GA-बंधित दमनकारी को बांधना तथा उसकी अभिव्यक्ति को रोकना।
B. GA-ग्राही संकुल को GRAS के साथ बांधना।
C. GRAS को 26S प्रोटियेसोम द्वारा सार्वत्रिकीकरण एवं अपकर्ष के लिए मार्गदर्शित करना।
D. सूक्ष्म - RNA दिग्दर्शित GRAS प्रोटीन अभिव्यक्ति का अध: नियंत्रण।

निम्न संयोजनों में कौन-सा एक सही है ?

1. A तथा B 2. B तथा C
3. C तथा D 4. A तथा D

**105.** Examples of many factors that regulate plant height in response to gibberellic acid (GA) are listed below:

